मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल का त्रैमासिक न्यूज लेटर

# जैवविविधता

अंक – 1

अप्रैल – जून 2023

## संपादकीय



**डॉ अजीत श्रीवास्तव**
**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**एवं सदस्य सचिव**

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 तथा जैविक संसाधनों तक पहुँच और सहयुक्त जानकारी तथा फायदा बंटाना विनियम, 2014 (विनियम, 2014) के प्रावधानों के अंतर्गत जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन, जैवसंसाधनों का संवहनीय उपयोग तथा लाभों का साम्यपूर्ण प्रभाजन के क्रियान्वयन हेतु जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन प्रावधानित है। इस हेतु प्रदेश में जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा 41 (1) एवं मध्य प्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (1) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक स्थानीय निकाय स्तर (पंचायत एवं नगरीय निकाय) पर 23,557 जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है।

जैवविविधता नियम, 2004 (केन्द्र) के नियम 22 (6) तथा मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 23 (9) अनुसार जैवविविधता प्रबंधन समिति का मुख्य कार्य स्थानीय लोगों के परामर्श से लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण किया जाना प्रावधानित है। लोक जैवविविधता पंजी में स्थानीय जैविक संसाधनों की उपलब्धता और ज्ञान, उनके औषधीय या किसी अन्य उपयोग या उनसे जुड़े किसी भी अन्य पारंपरिक ज्ञान की व्यापक जानकारी का समावेश किया गया है। बोर्ड द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों को लोक जैवविविधता पंजी के अद्यतन कार्य हेतु मार्गदर्शन तथा तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही मैदानी स्तर के जैवविविधता से सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी को निरंतर अपडेट किये जाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जैवविविधता सरंक्षण एवं संवर्धन तथा लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य में स्थानीय समुदाय, स्थानीय निकायों, जैवविविधता प्रबंधन समितियो एवं जैवविविधता से साझा सरोकार रखने वाले विभागों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया जायेगा।

जैवविविधता अधिनियम, 2002, एवं जैवविविधता नियम, 2004 के उदेश्य अनुसार जैवसंसंसाधनों से उदभूत लाभों के साम्यपूर्ण प्रभाजन किया जाना प्राधानित है। इस परिप्रेक्ष्य में प्रावधान अनुसार जैवसंसाधनों का वाणिज्यिक उपयोग करने वाले व्यापारी एवं विनिर्माताओं द्वारा साम्यापूर्ण लाभ प्रभाजन की राशि बोर्ड प्रदान की जा रही है।

लोक जैवविविधता पंजी अद्यतन कार्य तथा लाभ प्रभाजन की राशि से मैदानी स्तर पर जैवविविधता संरक्षण का कार्य हेतु स्थानीय निकायों पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों का सक्रियकरण आवश्यक है। जैवविविधता से साझा सरोकार रखने वाले मैदानी स्तर के विभागों (वन, कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं उद्यानिकी) द्वारा जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण में सक्रिय सहयोग प्रदान किये जाने की अपेक्षा है।

**शुभकामनाओं सहित।**

**(डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव)**
**सदस्य सचिव**

# जैवविविधता शिक्षा एवं जागरुकता

## 1. मिशन लाईफ कार्यक्रम

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मैदानी स्तर पर जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से मिशन लाईफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बोर्ड द्वारा मैदानी स्तर पर लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण कार्य एवं जैवविविधता जागरूकता संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसे भारत सरकार की मेरी लाईफ पोर्टल पर अपलोड किया गया। मिशन लाईफ अंतर्गत बोर्ड द्वारा संपादित गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार है:—

### (अ) जैवविविधता जागरूकता

मिशन लाईफ अंतर्गत महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज भोपाल में दिनांक 11ण05ण2023 को आयोजित कार्यक्रम में पौधा वितरण, स्लोगन लेखन, मानव श्रृंखला निर्माण एवं प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली को बढावा देने हेतु छात्र—छात्राओं द्वारा शपथ की गतिविधियॉ संचालित की गई।









**महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज भोपाल में आयोजित मिशन लाईफ कार्यक्रम**

### (ब) ग्राम पंचायत स्तर पर लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण

मिशन लाईफ अंतर्गत राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चैन्नई के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा विद्यालय एवं महाविद्यालयों के जैवविविधता आधारित विषय के छात्र–छात्राओं, बोर्ड के मास्टर ट्रेनर एवं लोक जैवविविधता पंजी निर्माण में अनुभव रखने वाले प्रोजेक्ट इनवेस्टीगेटर (पी.आई.) के सहयोग से दिनांक 23.05.2023 से 03.06.2023 की अवधि में 1048 ग्राम पंचायत स्तर पर डिजिटल एवं डायनायमिक लोक जैवविविधता पजी का अद्यतनीकरण कार्य संपादित किया गया।







**ग्राम पंचायत स्तर पर लोक जैविविविधता पंजी का अद्यतनीकरण दिनांक 23.05.2023 से 03.06.2023 तक किया गया।**

### (स) जैवविविधता प्रशिक्षण कार्यक्रम

मिशन लाईफ अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 20.05.2023 को सभी मास्टर ट्रेनर, पी.आई. को–पी. आई, डाटा कलेक्टर, छात्रों एवं मेंटर को जिला स्तर पर ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया गया।

## 2. अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस, 2023 (International Day for Biological Diversity)

अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं जैवविविधता जागरूकता संबंधित गतिविधियों का निम्नानुसार आयोजन किया गयाः–

### (अ) राज्य स्तरीय कार्यक्रम

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा 22 मई 2023 को अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस (International Day for Biological Diversity) - 22 May 2023 का ऑनलाईन के माध्यम से डॉ. कुँवर विजय शाह मान. वन मंत्री, जी मध्यप्रदेश शासन, के मुख्य आतिथ्य, श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग की अध्यक्षता एवं श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख की विशेष आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा स्वागत उद्बोधन में अवगत कराया कि सी.बी.डी. द्वारा “From Agreement to Action : Build Back Biodiversity” विषय वस्तु पर निर्धारित की गई है। प्रदेश में समस्त मैदानी स्तर की वन इकाईयॉ – वन मण्डल, टाईगर रिजर्व (राष्ट्रीय उद्यान), वन विद्यालय, एवं वन विकास निगम स्तर पर जैवविविधता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

उन्होने अवगत कराया कि बोर्ड द्वारा प्रदेश में  जैवविविधता अधिनियम, 2002 एवं मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 के प्रावधानों के अंतर्गत जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन, जैवसंसाधनों का संवहनीय उपयोग तथा लाभों का साम्यपूर्ण प्रभाजन के क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत अंतर्गत प्रत्येक स्थानीय निकाय स्तर (पंचायत एवं नगरी निकाय) पर 23,557 जैवविविधता प्रबंधन समितियों का गठन किया गया है। इसके साथ ही वन क्षेत्रों में लगभग 16,000 वन समितियों को भी जैवविविधता प्रबंधन समिति सह संयुक्त वन प्रबंधन समिति का दर्जा दिया गया है।

इस हेतु जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण हेतु वनमंडल के सहयोग से 300 वन परिक्षेत्र स्तर पर मास्टर ट्रेनर चिन्हांकित किया गया है। जैवविविधता संरक्षण हेतु जैवविविधता प्रबंधन समितियों की सक्रियता हेतु बोर्ड द्वारा वन परिक्षेत्र स्तर पर तैयार किये जा रहे मास्टर ट्रेनर की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इसके साथ ही बोर्ड द्वारा सेकेण्डरी डाटा के आधार पर समितियों के स्तर पर डिजिटल एवं डायनामिक लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण कार्य किया जा रहा है। बोर्ड द्वारा वर्ष 2022–23 तक प्रदेश में 229 जनपद पंचायत, 13 नगर निगम, एवं 71 नगर पालिका स्तर पर लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण कार्य स्वीकृत किया गया है। इस क्रम में 103 जनपद पंचायत स्तर पर अद्यतनीकरण कार्य स्वीकृत किया गया है।

जैवविविधता अधिनियम, 2002 की धारा 37 एवं मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता नियम, 2004 के नियम 22 के अनुसार जैवविविधता बाहुल्य क्षेत्र को जैवविविधता विरासत स्थल घोषित करने का प्रावधान है। इसके अंतर्गत बोर्ड के तकनीकी सहयोग से मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा प्रदेश के जैवविविधता बाहुल्य क्षेत्र पातालकोट, जिला– छिंदवाड़ा, नरो हिल्स़, जिला– सतना, अमरकंटक, जिला– अनूपपुर को को जैवविविधता विरासत स्थल घोषित किया गया।

जैव संसाधनों से उद्भूत लाभों का साम्यपूर्ण प्रभाजन के प्रावधानों के अंतर्गत अद्यतन स्थिति तक राशि रू. 6 करोड की राशि बोर्ड को प्राप्त हुई है तथा बोर्ड द्वारा Wildlife Institute of India – WII Dehradun के तकनीकी सहयोग से भोपाल एवं इंदौर का सिटी बायोडायवर्सिटी इंडेक्स (City Biodiversity Index) बनाने का कार्य पूर्ण किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता के प्रति जन जागरूकता हेतु प्रतिवर्ष/समय–समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

कार्यक्रम के उदघाटन सत्र के अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. कुँवर विजय शाह मान. वन मंत्री, जी मध्यप्रदेश शासन द्वारा अपने उदबोधन में कहा कि जैवविविधता आज के परिप्रेक्ष्य में मानव जीवन के लिये आवश्यक घटक है। इस लिये इसका अस्तित्व बनाये रखना आवश्यक है। वर्तमान में बढ़ती मानव जनसंख्या तथा मानव के स्वास्थ्य एवं उसकी आजीविका, भोजन खाद्य, पानी, दवाईंया हेतु इकोसिस्टम (पारिस्थितिकी तंत्र) पर निर्भरता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आज हमारे सभी इकोसिस्टम पर अत्यधिक मानव दबाव हैं। सभी जीवन के लिये स्वच्छ एवं हरा–भरा पर्यावरण, पर्याप्त भोजन एवं स्वच्छ पानी एवं संवहनीय आजीविका के लिये हम सभी को संयुक्त प्रयास करना होगा। इस उद्देश्य से सबका साथ – जैवविविधता का विकास का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा वन क्षेत्रों में 50 प्रतिशत वनोपज आधारित पौधे एवं फलदार पौधो का वृक्षारोपण किया जाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग द्वारा अपने उद्बोधन में अवगत कराया गया कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक संरचना व संसाधनों, जैवविविधता व जैविकसंसाधनों और जैवसंसाधनों से संबद्ध पारंपरिक ज्ञान में संपन्न है। जैवविविधता संरक्षण के क्षेत्र में किये गये प्रयास से समाज के अन्य व्यक्ति भी आप से इस पुनीत कार्य हेतु प्रेरित हो कर जैवविविधता संरक्षण में सहभागी बने। मध्य प्रदेश की वन संपदा, कृषि विविधता, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, एवं नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण पारंपरिक ज्ञान के लिए विशिष्ट स्थान है। इस कारण जैवविविधता संरक्षण एवं संवर्धन में संबंधित विभागों की सहभागिता आवश्यक है। मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता अधिनियम, 2002 एवं जैवविविधता अधिनियम के उदेश्यों के अनुरुप स्थानीय समुदाय की आजीविका सुनिश्चित करने जैवविविधता संरक्षण, जैविक संसाधनों के संवहनीय उपयोग को बढ़ावा देने हेतु जैवविविधता प्रबंधन समितियों सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है।


कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री रमेश कुमार गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल अपने उदबोधन में कहा गया कि स्थानीय जैवविविधता का संरक्षण एवं पारंपरिक ज्ञान के दस्तावेजीकरण हेतु लोक जैवविविधता पंजी एवं कार्यआयोजना में जैवविविधता अध्याय की गुणवत्ता अंतर्गत क्षेत्र की समस्त पादप एवं जीव संबंधित Rare and Endangered or near to extinct प्रजातियों को सम्मिलित करना एवं उनकी संवहनीयता सुनिश्चित करना आवश्यक है।

उद्बोधन में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख मध्यप्रदेश द्वारा Right of Nature and Right of Mother Earth के उद्देश्यों के अनुरूप जैवविविधता एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेत स्थानीय स्तर पर जैवविविधता से जुड़े व्यक्तियों से सहयोग प्राप्त किया जावे। जैवविविधता अधिनियम, 2002 एवं मध्यप्रदेश जैवविविधत अधिनियम, 2004 के उददेश्यों को वन्यप्राणी सप्ताह/अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से सरल भाषा में जन–जन तक आसानी से पहुँचा जा सकता है।

Reversal of Biodiversity loss के परिप्रेक्ष्य में ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क (GBF) के प्रदेश के लिए मध्यप्रदेश जैवविविधता रणनीति एवं कार्ययोजना 2018–30 के लक्ष्यों के अनुरूप ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क के लक्ष्यों को प्राप्त किये जाने की कार्यवाही किया जावे।

कार्यक्रम के विशेष आमंत्रित डॉ. व्ही.बी माथुर, अध्यक्ष, राष्ट्रीय जैवविविधता प्राधिकरण चेन्नई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 2023 "From Agreement to Action : Build Back Biodiversity विषय वस्तु पर प्रस्तुतीकरण दिया गया तथा ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क (GBF- 2022) के लक्ष्य में एवं मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता रणनीति व कार्ययोजना – 2018–30 के लक्ष्य को तमंसपहद किया जावे। तथा ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क (GBF-2022) के लक्ष्य को हिन्दी में तैयार कर Action Points तैयार किये जाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव, सी.एण्ड.डी. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम समाप्त किया गया।




**International Biodiversity day 22 May 2023**

## (ब) मैदानी स्तर पर जैवविविधता जागरूकता कार्यक्रम

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा 22 मई 2023 को अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस (International Day for Biological Diversity)-22 May 2023 के असवर पर मैदानी स्तर पर जैवविविधता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन हेतु 63 क्षेत्रीय वन मण्डल, 10 टाईगर रिजर्व एवं 01 रेंजर कॉलेज, 6 वन विद्यालय एवं 11 डिविजन मैनेजर क्षेत्रीय वन विकास निगम को वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया।

## (द) चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 2023 के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 10 मई 2023 को शासकीय उत्कृष्ठ सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल तथा नर्मदा कॉलेज ऑफ फाइन आर्टस भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में कक्षा 8वी से कक्षा 12 तक के छात्र–छात्राओं के लिए आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता की प्रविष्टियों के मूल्यांकन उपरांत कुल 9 प्रतिभागियों का चयन किया गया एवं पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता की श्रेणी 01 कक्षा – 05 वीं से 8 वीं तक में – **प्रथम पुरस्कार –** नीत चौहान, **द्वितीय–**नैसा यादव एवं **तृतीय पुरस्कार** दिव्यांशी सिंह तथा श्रेणी–02 – कक्षा – 09 वीं से 12 वीं तक। **प्रथम–** प्रियल जैन, **द्वितीय–**प्रतिभा सिंह **तृतीय–**अंश यादव तथा श्रेणी–03 **प्रथम –**पारूल चाचानो, **द्वितीय–** हर्ष चढोकर, **तृतीय–** जिशान खान को पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर बोर्ड की ओर से गौरेया संरक्षण हेतु नेस्ट बॉक्स वितरण, मानव श्रृखला निर्माण, शपथ ग्रहण, स्लोगन राईटिंग एवं पौधा वितरण किया गया।





**दिनांक 10.05.2023 को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन**



**गौरेया संरक्षण हेतु नेस्ट बॉक्स वितरण, मानव श्रृखला निर्माण, शपथ ग्रहण, स्लोगन राईटिंग एवं पौधा वितरण किया गया।**

## (स) जैवविविधता प्रबंधन समिति स्तर पर कार्यक्रम

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई 2023 के अवसर प्रदेश में ग्राम पंचायत स्तर पर जैवविवधिता प्रबंधन समितियों/सह संयुक्त वन सुरक्षा समिति द्वारा इस वर्ष–8 जैवविविधता प्रबंधन समिति– ग्राम पंचायत– हिवरावासुदेव, जिला–छिन्दवाड़ा/ग्राम पंचायत–टेमनीखुर्द, जिला–छिन्दवाड़ा/ ग्राम पंचायत–डोडिया–जिला–छिन्दवाड़ा, वनसुरक्षा समिति–कपूरनाला, जिला–छिन्दवाड़ा /ग्राम पंचायत–बीजापुरी नं.1, जिला अनूपपुर/ग्राम पंचायत–नदना, जिला–भिण्ड/ग्राम पंचायत–नौढ़िया जिला–सीधी/ग्राम पंचायत–राघौपुर जिला–डिण्डोरी समिति के स्तर पर जैवविविधता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन हेतु समिति को बोर्ड द्वारा वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया।







जैवविवधिता प्रबंधन ग्राम– पंचायत नदना जिला – भिण्ड द्वारा जैवविविधता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।






| | |
|---|---|
| जैवविवधिता प्रबंधन समिति– पंचायत नौढ़िया, जनपद पंचायत –मझौली जिला सीधी म.प्र. अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई 2023 के अवसर पर जैववविविधता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। | जैवविवधिता प्रबंधन समितियों/सह संयुक्त वन सुरक्षा समिति – कपूरनाला जिला – छिन्दवाड़ा अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई 2023 के अवसर पर जैववविविधता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। |

## 2. जैवविविधता प्रशिक्षण सह–कार्यशाला

म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा जैवविविधता अधिनियम, 2002, म.प्र. जैवविविधता नियम, 2004 के अंतर्गत गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण, लोक जैवविविधता पंजी के अद्यतनीकरण एवं जैवसंसाधनों के वाणिज्यिक उपयोग के फलस्वरूप लाभ प्रभाजन के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्‌देश्य से जबलपुर वन वृत्त की कार्यशाला वनमण्डल–जबलपुर, कार्यालय (होटल कल्चुरी रेसीडेंसी) में दिनांक 16.06.2023 को (एक दिवसीय) आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रारंभ में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सदस्य सचिव, म.प्र. राज्य जैवविविधता बोर्ड, डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को जैवविविधता अधिनियम व जैवविविधता नियमों के उद्देश्यों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सदस्य सचिव द्वारा वनवृत्त जबलपुर अंतर्गत वनमण्डलों द्वारा जैवविविधता अधिनियम, 2002 प्रावधानों अंतर्गत लाभ प्रभोजन की प्रक्रिया की समीक्षा की गई।

बोर्ड के सहायक सदस्य सचिव, (सी एण्ड डी) डॉ. बकुल लाड़ द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को जैवविविधता प्रबंधन समितियों के सक्रियकरण एवं लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य एवं उपयोगिता के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका नैनपुर एवं नगर पालिका मण्डला की लोक जैविविधता पंजी का विमोचन किया गया। बोर्ड की सहायक सदस्य सचिव, (बायो) डॉ. एलिजाबेथ थॉमस द्वारा जैवविविधता प्रकोष्ठ के अधिकारी, कर्मचारियों एवं उपस्थित व्यापारियों को जैवविविधता अधिनियम, 2002, मध्यप्रदेश जैवविविधता नियम, 2004 एवं विनियम, 2014 के प्रावधानों के अंतर्गत वनमण्डलों की अद्यतन प्रगति तथा लाभ प्रभाजन की कार्यवाही के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यशाला के अंत में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा मैदानी अमलों के साथ विचार विमर्श किया गया। कार्यशाला में वनवृत्त जबलपुर अंतर्गत जबलपुर, कटनी, डिण्डौरी, पूर्व मण्डला एवं पश्चिम मण्डला वनमंडलों के वनमण्डलाधिकारी, वनपरिक्षेत्र अधिकारी, वन रक्षक, पी.आई–कोपीआई, मास्टर ट्रेनर्स, जैवसंसाधनों का व्यापार करने वाले व्यापारी एवं पर्यावरणविद् सहित 75 प्रतिभागी सम्मिलित हुये।



**वनवृत्त जबलपुर में आयोजित जैवविविधता जागरूकता कार्यशाला (दिनांक 16.06.2023)**

## 3. लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य पूर्ण कर बोर्ड में जमाकर पंजी का विमोचन

**जैवविविधता प्रबंधन समिति की बैठक का विवरण**

| स. क्र. | जिला | स्थानीय निकाय नगरीय निकाय/ पंचायत | बैठक दिनांक | प्रतिभागी संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पन्ना | ग्राम पंचायत – उमरिया (मछार) पन्ना | प्रथम बैठक 04.05.2023 | 15 |
| 2. | पन्ना | ग्राम पंचायत – बिरसिंहपुर, पन्ना | प्रथम बैठक 11.05.2023 | 12 |
| 3. | पन्ना | ग्राम पंचायत – इटॉय, पन्ना | प्रथम बैठक 13.05.2023 | 14 |
| 4. | पन्ना | ग्राम पंचायत – शिकारपुर, पन्ना | प्रथम बैठक 15.05.2023 | 11 |
| 5. | सतना | जनपद पंचायत – नागौद | द्वितीय बैठक 09.05.2023 | 12 |
| 6. | सतना | जनपद पंचायत – मैंहर | द्वितीय बैठक 09.05.2023 | 12 |
| 7. | जबलपुर | ग्राम पंचायत – हटौली | प्रथम बैठक 06.04.2023 | 15 |
| | | | द्वितीय बैठक 29.04.2023 | 13 |
| | | | तृतीय बैठक 17.05.2023 | 11 |
| | | | चतुर्थ बैठक 21.06.2023 | 14 |
| 8. | जबलपुर | ग्राम पंचायत – नंदग्राम | प्रथम बैठक 10.04.2023 | 13 |
| | | | द्वितीय बैठक 29.04.2023 | 12 |
| | | | तृतीय बैठक 17.05.2023 | 13 |
| | | | चतुर्थ बैठक 27.06.2023 | 15 |
| 9. | जबलपुर | ग्राम पंचायत – दर्शनी | द्वितीय बैठक 25.04.2023 | 12 |
| | | | तृतीय बैठक 22.05.2023 | 12 |
| | | | चतुर्थ बैठक 23.06.2023 | 15 |

| स. क्र. | जिला | स्थानीय निकाय नगरीय निकाय / पंचायत | बैठक दिनांक | प्रतिभागी संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 10. | जबलपुर | ग्राम पंचायत – पोला | प्रथम बैठक 26.05.2023 | 14 |
| | | | द्वितीय बैठक 06.06.2023 | 12 |
| | | | तृतीय बैठक 15.06.2023 | 13 |
| | | | चतुर्थ बैठक 26.06.2023 | 15 |
| 11. | बुहानपुर | ग्राम पंचायत – चौखान | द्वितीय बैठक 21.06.2023 | 14 |

## 4. लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण कार्य पूर्ण

| स. क्र. | जिला | स्थानीय निकाय नगरीय निकाय/पंचायत | बोर्ड में पंजी जमा दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | खण्डवा | जनपद पंचायत– हापला | 25.04.2023 |
| 2. | खण्डवा | जनपद पंचायत– रनगॉव | |
| 3. | खण्डवा | जनपद पंचायत– नहाल्दा | |
| 4. | खण्डवा | जनपद पंचायत– बड़गॉवमाली | |
| 5. | खण्डवा | जनपद पंचायत– नागचून | |
| 6. | खण्डवा | जनपद पंचायत– सिवना | |
| 7. | खण्डवा | जनपद पंचायत– कोलगॉव | |
| 8. | खण्डवा | जनपद पंचायत– खैगॉव | |
| 9. | खण्डवा | जनपद पंचायत– बमनगॉव | |
| 10. | खण्डवा | जनपद पंचायत– बैडियॉव | |
| 11. | खण्डवा | जनपद पंचायत– सेमल्या | |
| 12. | खण्डवा | जनपद पंचायत– केहलारी | |
| 13. | छिन्दवाड़ा | जनपद पंचायत– छिन्दवाड़ा | 27.04.2023 |
| 14. | सतना | जनपद पंचायत– सतना | 27.04.2023 |
| 15. | छतरपुर | जनपद पंचायत– लवकुशनगर | 18.05.2023 |
| 16. | छतरपुर | जनपद पंचायत– गौरीहार | 18.05.2023 |
| 17. | छतरपुर | जनपद पंचायत– बकस्वाहा | 01.06.2023 |
| 18. | मण्डला | नगर पालिका – मण्डला | 19.06.2023 |
| 19. | मण्डला | नगर पालिका – नैनपुर | 19.06.2023 |
| 20. | सागर | जनपद पंचायत – केसली | 28.06.2023 |

## 5. जैवविविधिता प्रबंधन समितियो का सक्रियकरण

प्रदेश में जैवविविधता जागरूकता एवं लोक जैवविविधता पंजी का अद्यतनीकरण के उद्देश्य से स्थानीय निकाय स्तर पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियों द्वारा बैठक का निम्नानुसार आयोजन किया गया।

| क्र. | निकाय स्तर | बैठक संख्या | लोक जैवविविधता पंजी अद्यतनीकरण पूर्ण उपरांत बोर्ड में जमा पंजी संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | जनपद पंचायत | 02 | 06 |
| 2. | ग्राम पंचायत | 26 | 12 |
| 3. | नगर पालिका | 00 | 02 |
| | **कुल** | **28** | **20** |

**बुक पोस्ट**

प्रति,

..............................................................

..............................................................

..............................................................


प्रेषक –

**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**

प्रथम तल, किसान भवन,
अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011 (मध्यप्रदेश)
फोन : 0755–2554549, 2554539, 2764911
ई–मेल : mpsbb@mp.gov.in
वेबसाईट : www.mpsbb.mp.gov.in



**संरक्षक**

**डॉ. अजीत कुमार श्रीवास्तव**
**सदस्य सचिव**

**संपादक मण्डल**

डॉ. बकुल लाड
सहायक सदस्य सचिव
(सी. एण्ड. डी)

डॉ. एलिजाबेथ थॉमस
सहायक सदस्य सचिव
(बायो)

सुमित कुमार जैन
सहायक सदस्य सचिव
(प्रशा. / वित्त)